प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रयागराज संगम में पवित्र स्नान करने वालों का आंकड़ा पहुंचा 64 करोड़ के पार : कल महाशिवरात्रि के स्नान के साथ होगा महाकुंभ का समापन, प्रशासन ने किए पुख्ता इंतज़ाम।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महाशिवरात्रि की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक : अधिकारियों को सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश।**
3. **महाशिवरात्रि पर कल सुबह साढ़े तीन बजे से भक्तों के लिये खुलेगा श्रीकाशी विश्वनाथ धाम : कई अखाड़ों के महामंडलेश्वर और नागा साधु करेंगे बाबा का जलाभिषेक।**

**और**

4. **उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र में आज विधान परिषद में मुख्यमंत्री ने कहा– राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष का व्यवहार निन्दनीय।**

———————

**प्रयागराज महाकुम्भ में पवित्र संगम में स्नान करने वालों का आंकड़ा 64 करोड़ के पार पहुंच गया है। आज शाम तक एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगाई। वहीं कल होने वाले महाशिवरात्रि स्नान को**

व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए आज से मेला क्षेत्र और प्रयागराज को नो–व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सभी से अपने प्रवेश के सबसे पास वाले घाट पर ही स्नान करने का अनुरोध किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*दक्षिणी झूसी की तरफ से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार ऐरावत घाट पर स्नान कर सकेंगे। वहीं उत्तरी झूसी से आने वाले श्रद्धालु संगम हरिश्चंद्र घाट और संगम ओल्ड जीटी घाट पर स्नान करेंगे। परेड क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संगम द्वार भरद्वाज घाट, नागवासुकी घाट और उसके आसपास बने घाटों पर स्नान करेंगे। अरैल से आने वाले श्रद्धालु संगम द्वार अरैल घाट पर स्नान करेंगे। मेला प्रशासन ने बताया है कि सभी पाण्टून पुलों का संचालन भीड़ के दबाव के अनुसार किया जाएगा। दर्शन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए मार्गदर्शन केंद्र और सहायता बूथ भी स्थापित किए गए हैं। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाकुंभ में महाशिवरात्रि के स्नान की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को 24 घंटे मुस्तैद रहने के लिए कहा है। महाकुंभ मेला क्षेत्र के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि कल के पवित्र स्नान के लिए पुलिस, होमगार्ड, एनडीआरएफ और प्रशासनिक दल मुस्तैद रहेंगे। बाइट...

*कल 26 तारीख को शिवरात्रि का त्योहार है जिसके दृष्टिगत पुलिस डिप्लाइमेंट किया गया है सभी शिवालय जहां पर जल चढ़ाया जायेगा मेला क्षेत्र में उनसे डिप्लाइमेंट है यातायात की व्यवस्था सुचारू रूप से रखने के लिये डिप्लाइमेंट है। स्नान घाटों पर स्नान सकुशल सम्पन्न हो इसके लिये*

*डिप्लाइमेंट लगाया है नो व्हीकल जोन पूरा कुंभ मेला क्षेत्र घोषित किया गया है। जोनल व्यवस्था जो है वो लगाई गई है। जिस जोन से जो श्रद्धालु आयेंगे उन्हीं घाटों पर स्नान करने के लिये डायवर्ट किया जायेगा। वहीं से सकुशल स्नान करवा कर उन्हें रवाना किया जायेगा।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महाशिवरात्रि के पर्व की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और यातायात पुलिस की तैनाती की जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की।

——————

महाशिवरात्रि के पर्व के लिए भगवान शंकर की नगरी काशी में खास तैयारियां की गई है। महाकुंभ के कारण इस बार काशी में 12 स 15 लाख श्रद्धालुओं के काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचने का अनुमान है। कई अखाड़ों के महामंडलेश्वर और नागा साधु भी बाबा का जलाभिषेक करेंगे। ऐसे में बाबा का दरबार शिव भक्तों के लिए लगातार 32 घंटों तक खुला रहेगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा की मंगला आरती सुबह 2:15 से प्रारंभ होगी जो 3:15 तक चलेगी। इसके बाद सुबह 3:30 बजे से मंदिर दर्शनार्थियों के*

*लिए खोल दिया जाएगा। सुबह 6 बजे से 9 बजे तक महामंडलेश्वर कैलासानंद गिरी के नेतृत्व में नागा साधु बाबा का दर्शन करेंगे। नागा साधुओं का प्रवेश गेट नंबर 4 से होगा जबकि अन्य गेट पर आम श्रद्धालु लगातार झांकी दर्शन करते रहेंगे। दोपहर 12:00 बजे से 2:00 तक भी नागा साधुओं के दर्शन करने का समय तय किया गया है। नागा साधुओं के मंदिर से निकास के बाद आम श्रद्धालुओं का दर्शन पुनः जारी हो जाएगा। मंदिर में अलग–अलग विग्रह का रुद्राभिषेक भी किया जाएगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

विश्वनाथधाम में आमजन के दर्शन–पूजन के अलावा सात अखाड़ों की पेशवाई भी निकलेगी। काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन के सीईओ विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए मंदिर प्रशासन ने एक एडवायज़री भी जारी की है। बाइट.....

*जो इस बार के श्रद्धालुओं की संख्या है उसको देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है ऐसी संभावना है कि दर्शन की जो प्रतीक्षावली हुत लम्बी हो सकती है। अतः सामान्य जन से निवेदन है कि अति वृद्ध, बहुत छोटे बच्चे अथवा निसक्त जन, दिव्यांगजन इनको दर्शन के लिये भौतिक रूप से यहां लाकर कष्ट में न डाले, बल्कि ऑन लाइन यू ट्यूब चैनल पर और जो मंदिर का सोशल मीडिया हैंडल है उस पर ऑनलाइन दर्शन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। लाइव दर्शन प्राप्त होते रहेंगे,वहां बैठकर दर्शन प्राप्त करे।*

सुरक्षा की दृष्टि से श्री काशी विश्वनाथ धाम क्षेत्र को छह जोन और 18 सेक्टर में बांटा गया है। वाराणसी में भारी भीड़ के कारण महाशिवरात्री पर निकलने वाली परम्परागत शिव बारात 27 फरवरी को निकाली जाएगी।

————————

महाशिवरात्रि के लिए लखनऊ के मनकामेश्वर, महाकाल, बुद्धेश्वर और कोनेश्वर महादेव मंदिरों में भी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इस बार प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में महाकुंभ से आए जल से महादेव का अभिषेक किया जाएगा। वहीं बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर जाने वाले कांवड़ियों की भीड़ भी सड़कों पर नज़र आ रही है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र मे आज विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दलों का स्वभाव है कि पहले

हर चीज का विरोध करते हैं और फिर उसे स्वीकृति भी देते हैं। बाइट.....

*महाकुंभ की तैयारी के साथ मारी टीम वहां पर गई थी और हम लोग इसकी तैयारी कर रहे थे, लेकिन विपक्ष शुरू से इसका उपहास उड़ाता रहा कहा 40 करोड़ लोग आ जायेंगे क्या ये आयोजन ऐसे हो पायेगा क्या ये आयोजन को आप कर पायेंगे। हम लोग तभी कहते थे आयोजन होगा, क्योंकि आप चिंता कर रहे विपक्षी दलों में एक चीज जरूर देखने को मिलती है कि पहले किसी चीज को उपहास उड़ाते है विरोध करते है चर्चा से भागने का प्रयास करते है और अतं उसको स्वीकृति भी देने में तत्पर होते हैं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने जो व्यवहार किया, वह किसी भी आदर्श लोकतंत्र को स्वीकार नहीं होगा। विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण का प्रस्ताव आज पास हो गया। शून्य प्रहर में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के सदस्यों के राज्य में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर कार्य स्थगन के रूप में उठाये गये मुद्दे का जवाब दिया।

उधर, विधानसभा में आज शिक्षामित्रों के मुद्दे पर चर्चा के दौरान सपा विधायक की आपत्तिजनक टिप्पणी पर भाजपा विधायकों ने कड़ा विरोध जताया। शून्य प्रहर में समाजवादी पार्टी के विधायकों ने गन्ना किसानों के भुगतान का मुद्दा उठाया और सरकार के जवाब से अंसतुष्ट होकर सदन से वाक आउट किया।

———————

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मामलों के राज्य मंत्री जॉर्जकुरियन आज लखनऊ में आईसीएआर–राष्ट्रीय मछली आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने ब्लू इकोनॉमी को बढ़ावा देने, जैव विविधता संरक्षण सुनिश्चित करने और नई तकनीक क जरिए मछली किसानों को आगे बढ़ाने के लिए मत्स्य अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया।

———————

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी और कमलेश पासवान ने आज गौतम बुद्धनगर में सरस आजीविका मेले का उद्‌घाटन किया। इस मेले का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों को उनकी आजीविका और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में सहायता करना है। यह प्रसिद्ध सरस आजीविका मेले का 5वां संस्करण है, जिसमें 30 राज्यों के स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

———————

प्रदेश का पर्यटन एवं संस्कृति विभाग श्रीलंका, नेपाल और देश के 6 राज्यों समेत 10 स्थानों पर रामायण कॉक्लेव की श्रृंखला का आयोजन करेगा। इस श्रृंखला का पहला आयोजन कल प्रयागराज के श्रृंगवेरपुरधाम में होगा। प्रयागराज के बाद रामायण कॉन्क्लेव की यह धार्मिक यात्रा

01 और 02 मार्च को चित्रकूट, 07 और 08 मार्च को नागपुर के रामटेक, 18 मार्च को हम्पी, कर्नाटक, 21 और 22 मार्च को रामेश्वरम, 26 मार्च को श्रीलंका पहुंचेगी और 29 मार्च को जम्मू में यात्रा का समापन होगा। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह कॉन्क्लेव संत और विद्वानों के समागम का अच्छा अवसर है।

(समाप्त)